# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

शिक्षा सदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली-110002.

## CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

*(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)*

**"Shiksha Sadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002**


## पीसीआरए राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता 2016

## निबंध, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी

## अधिसूचना

दिनांक - 2 सितम्बर 2016

तेल संरक्षण को एक राष्ट्रीय आंदोलन बनाने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ प्रतिबद्ध है। अपने उद्देश्य के अनुसार, यह स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते है। निबंध लेखन, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य, औद्योगिक, परिवहन, कृषि और घरेलू क्षेत्रों में व्यावहारिक संरक्षण सुझावों के बारे में, छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाना और, इसे अपने दैनिक जीवन में अमल में लाने के लिए, उन्हें प्रेरित करना है।

पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण और इनसे हुए उत्सर्जन को कम करने हेतु, अपने विचारों और संदेशों को व्यक्त करने के लिए, छात्र-छात्राएं अंग्रेजी, हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं को चुन सकते हैं।

**प्रतियोगिताएं :**

**ए :** निबंध लेखन

**बी :** चित्रकला

**सी :** प्रश्नोत्तरी के द्वारा, स्कूल, जिला व राज्य टीम का चयन होगा। राज्य टीम, क्षेत्रीय व नेशनल फ़ाइनल में भाग लेंगी ।

**डी :** वैयक्तिक प्रश्नोत्तरी - कांस्य, रजत और गोल्ड स्तर प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए।

## आकर्षक पुरस्कार जीतिए!




***27 राष्ट्रीय विजेता - समस्त खर्च सहित जापान यात्रा और एक लैपटॉप***
***प्रत्येक भाषा के लिए एक, चित्रकला में प्रत्येक श्रेणी के लिए एक और प्रश्नोत्तरी के लिए दो***




***द्वितीय विजेता - 27 लेपटॉप + नकद पुरस्कार***
***प्रत्येक भाषा के लिए एक, चित्रकला में प्रत्येक श्रेणी के लिए एक और प्रश्नोत्तरी के लिए दो (एक टीम) तथा प्रत्येक विजेता के लिए 15000 रुपये नकद)***



**तृतीय विजेता - 27 लेपटॉप**
**(प्रत्येक भाषा के लिए एक, चित्रकला में प्रत्येक श्रेणी के लिए एक और प्रश्नोत्तरी के लिए दो (एक टीम)**

**प्रत्येक श्रेणी में, प्रत्येक स्कूल से, दो सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र**

## प्रतियोगिता ए : निबंध प्रतियोगिता के लिए निर्देश

1. भारत में स्थित, शैक्षिक बोर्ड के मान्यता प्राप्त स्कूल, इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।
2. यह अनिवार्य है कि स्कूल में यह प्रतियोगिता, निष्पक्ष ढंग से स्कूल समय के दौरान आयोजित हो।
3. निबंध प्रतियोगिता को हिन्दी, अंग्रेजी, असमी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, काश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिन्धी, तमिल, तेलुगू, उर्दू, मैथिली, डोगरी, नेपाली, बोडो और संथाली भाषाओं में से एक या अधिक भाषाओं में स्कूल संचालित कर सकता है। परंतु प्रत्येक भाषा में कम से कम 15 छात्रों का भाग लेना अनिवार्य है
4. योग्यता : कक्षा 8-10 के छात्र-छात्राएं
5. एक छात्र/छात्रा, केवल एक ही भाषा से भाग ले सकता है।
6. निबंध की शब्दमर्यादा 700 शब्द है।
7. विद्यार्थी को अपनी लिखावट में निबंध प्रस्तुत करना होगा।
8. विषय :

   **बेहतर पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए तेल बचत**

   **Save Fuel for Better Environment and Health**

9. समय सीमा : 1 घंटा
10. स्कूल, प्रत्येक भाषा के लिए, आयोजित की गई प्रतिस्पर्धा की प्रविष्टियों का मूल्यांकन करें और प्रत्येक भाषा की सर्वश्रेष्ठ दो प्रविष्टियों को, हमारी वेब पोर्टल www.pcracompetitions.org पर अपलोड (upload) करें।अधिक जानकारी इस पोर्टल पर उपलब्ध है।
11. प्रतियोगिता की अवधि: 16.08.2016 से 15.10.2016 है। अंतिम प्रविष्टि दिनांक 15.10.2016 को 1500 बजे तक स्वीकार की जायेगी।
12. निबंध प्रतियोगिता के विषयों को प्रमुखता से एक सप्ताह पहले प्रदर्शित किया जाए। विद्यालय छात्रों को निर्धारित प्रतियोगिता के लिए पहले से तैयारी करने की सलाह दें। यह प्रतिभागियों को विभिन्न क्षेत्रों की प्रासंगिक जानकारी प्राप्त करने में सहायता करेगा। राष्ट्र हित में ईंधन बचत व पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्र वर्ग में जागरूकता बढ़ाना इस प्रतियोगिता का उद्देश्य है।

स्कूलों से अनुरोध है कि पीसीआरए के वृत्तचित्र 'ईंधन का संरक्षण' को प्रतियोगिता के शुरू होने से पहले, सभी विद्यार्थियों को दिखायें। यह हमारी वेबसाइट **www.pcra.org** पर उपलब्ध है।

**अधिक जानकारी के लिए पीसीआरए के पोर्टल** www.pcracompetitions.org **या वेबसाइट www.pcra.org/competitions.html, फोन न. 011-26715360 पर संपर्क करें: या ईमेल करें: contact@pcracompetitions.org पर।**

**महत्वपूर्ण दिशानिर्देश**

- प्रतियोगिता से संबंधित सभी मामलों के संदर्भ में जूरी / विशेषज्ञ समिति का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा।
- नकल पाई गई प्रविष्टि (किसी अन्य व्यक्ति द्वारा लिखा या छापा गया हो) को रद्द कर दिया जाएगा ।
- किसी भाषा विशेष में प्रतिभागिता बहुत कम होने पर, प्रविष्टियों का मूल्यांकन, पीसीआरए द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ/जूरी, द्वारा किया जाएगा और यदि सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियाँ , अन्य भाषाओं की प्रविष्टियों के सामान्य मानक पर नहीं होंगी, तो पीसीआरए उस विशेष भाषा के लिए पुरस्कारों को तर्कसंगत बनाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में पीसीआरए का निर्णय, अंतिम और बाध्य होगा।
- निबंध की प्रस्तुत प्रविष्टियाँ पीसीआरए की संपत्ति मानी जाएंगी व पीसीआरए उनका उपयोग करने का अधिकार व किसी भी उद्देश्य के लिए, जैसा उचित समझे, उन्हें संपादित करने का एकमात्र अधिकार रखेगा।
- पीसीआरए के अधिकारियों / कर्मचारियों के बच्चे, पुरस्कार के पात्र नहीं होंगे ।
- सभी स्कूल प्रतियोगिताएं जल्द से जल्द आयोजित करें।
- अंतिम परिणाम की घोषणा दिसम्बर 2016 में की जाएगी। जनवरी 2017 के दूसरे सप्ताह में तेल एवं गैस संरक्षण पखवाड़ा 2017 के उद्घाटन समारोह के दौरान पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा।
- पिछले साल के विजेताओं के अद्वितीय अनुभवों को "प्रतियोगिता 2016" लिंक में पीसीआरए वेबसाइट व pcracompetitions.org पर उपलब्ध कराया गया है।
- पिछले वर्षों के राष्ट्रीय विजेता इस प्रतियोगिता के पुरस्कारों के पात्र नहीं होगें।

## प्रतियोगिता बी : चित्रकला प्रतियोगिता के लिए निर्देश

1. भारत में स्थित शैक्षिक बोर्ड के मान्यता प्राप्त स्कूल इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।
2. यह अनिवार्य है कि प्रतियोगिता का संचालन स्कूल समय के दौरान निष्पक्ष ढंग से स्कूल में ही कराया जाए।
3. योग्यता: दो श्रेणियां

   अ) कक्षा 5-7 तक के छात्र-छात्राएं (जूनियर)

   ब) कक्षा 8-10 तक के छात्र-छात्राएं (सीनियर)
4. स्कूल, एक या दोनों श्रेणियों के लिए प्रतियोगिताओं का संचालन कर सकता है। परंतु प्रत्येक श्रेणी में कम से कम 30 छात्रों का भाग लेना अनिवार्य है।
5. केवल A3 आकार ड्राइंग पेपर का उपयोग किया जाना चाहिए। चित्रकला के लिए पेंसिल, पेंसिल रंग, क्रेयौंस, वॉटर कलर आदि का उपयोग किया जा सकता है। कोलाज़ या पैच वर्क मान्य नहीं होगा।
6. विषय :

   **स्वच्छ ईंधन बेहतर जीवन**

   **Clean Fuel Better Life**
7. समय सीमा : 2 घंटे
8. स्कूल, आयोजित की गई प्रतिस्पर्धा की प्रविष्टियों का मूल्यांकन करें और सर्वश्रेष्ठ दो प्रविष्टियों को, हमारी वेब पोर्टल www.pcracompetitions.org पर अपलोड (upload) करें।अधिक जानकारी इस पोर्टल से लें।
9. चित्रकला प्रतियोगिता की अवधि : 16.08.2016 से 15.10.2016 है। अंतिम प्रविष्टि दिनांक 15.10.2016 को 1500 बजे तक स्वीकार की जायेगी।
10. प्रतियोगिता के विषय को प्रमुखता से एक सप्ताह पहले प्रदर्शित किया जाए। विद्यालय छात्रों को निर्धारित प्रतियोगिता के लिए पहले से तैयारी करने की सलाह दें। यह प्रतिभागियों को विभिन्न क्षेत्रों की प्रासंगिक जानकारी प्राप्त करने में सहायता करेगा। राष्ट्र हित में ईंधन बचत व पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्र वर्ग में जागरूकता बढ़ाना, इस प्रतियोगिता का उद्देश्य है।

    स्कूलों से अनुरोध है कि पीसीआरए के वृत्तचित्र, 'ईंधन का संरक्षण' को प्रतियोगिता के शुरू होने से पहले, सभी विद्यार्थियों को दिखायें। यह हमारी वेबसाइट **www.pcra.org** पर उपलब्ध है।
11. अखिल भारतीय स्तर पर दोनों श्रेणियों में से सर्वश्रेष्ठ 50 चित्रकारों को, राष्ट्रीय स्तर पर चित्रकारिता पेश करने के लिए दिल्ली बुलाया जायेगा जिसका समस्त यात्रा खर्चा पीसीआरए द्वारा वहन किया जायेगा।

**अधिक जानकारी के लिए पीसीआरए के पोर्टल** www.pcracompetitions.org **या वेबसाइट www.pcra.org/competitions.html, फोन न. 011-26715360 पर संपर्क करें: या ईमेल करें: contact@pcracompetitions.org पर।**

**महत्वपूर्ण दिशानिर्देश**

- प्रतियोगिता से संबंधित सभी मामलों के संदर्भ में जूरी / विशेषज्ञ समिति का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा।
- चित्रकला की प्रस्तुत प्रविष्टियों को पीसीआरए की संपत्ति मानी जाएंगी व पीसीआरए उनका उपयोग करने का अधिकार व किसी भी उद्देश्य के लिए, जैसा उचित समझें, उन्हें संपादित करने का एकमात्र अधिकार रखेगा।
- पीसीआरए के अधिकारियों / कर्मचारियों के बच्चे पुरस्कार के पात्र नहीं होंगे।
- सभी स्कूल प्रतियोगिताएं जल्द से जल्द आयोजित करें।
- अंतिम परिणाम की घोषणा दिसम्बर 2016 में की जाएगी। जनवरी 2017 के दूसरे सप्ताह में तेल एवं गैस संरक्षण पखवाड़ा 2017 के उद्घाटन समारोह के दौरान पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा।
- पिछले साल के विजेताओं के अद्‌वितीय अनुभवों को "प्रतियोगिता 2016" लिंक में पीसीआरए वेबसाइट व **pcracompetitions.org** पर उपलब्ध कराया गया है।
- पिछले वर्षो के राष्ट्रीय विजेता इस प्रतियोगिता के पुरस्कारों के पात्र नहीं होगें।

## प्रतियोगिता सी : स्कूल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए निर्देश

**1.** भारत में स्थित शैक्षिक बोर्ड के मान्यता प्राप्त स्कूल इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

**2.** यह प्रतियोगिता केवल ऑनलाइन आयोजित की गई है। वेब पोर्टल www.pcracompetitions.org और मोबाइल एप Pcra-competitions , एंड्रॉयड / विंडोज / आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस माध्यम से ही स्कूल भाग ले सकते है। प्रत्येक स्कूल से कम से कम 30 छात्रों का भाग लेना अनिवार्य है।

| | | |
|---|---|---|
| पहला दौर | स्कूल स्तर | प्रत्येक स्कूल से न्यूनतम 30 छात्र भाग लेने चाहिए। सर्वश्रेष्ठ दो छात्रों को जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा |
| दूसरा दौर | जिला स्तर | जो स्कूल टीम जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ होगी वह राज्य स्तर प्रतियोगिता में भाग लेगी। |
| तीसरा दौर | राज्य स्तर | जो स्कूल टीम राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ होगी वह ऑफलाइन क्षेत्रीय (zonal) प्रतियोगिता में भाग लेगी। |
| चौथा दौर | ज़ोनल स्तर | क्षेत्रीय (zonal) प्रतियोगिता के विजेता राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित होंगे। |
| पाँचवाँ दौर | राष्ट्रीय स्तर | राष्ट्रीय प्रतियोगिता के विजेताओं को तेल एवं गॅस संरक्षण पखवाडा जनवरी 2017 के उद्घाटन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा |

प्रतियोगिता का पहला, दूसरा और तीसरा स्तर 'ऑनलाइन' होंगा व चौथा व पाँचवाँ स्तर 'लाइव' होंगा।

**3.** यह अनिवार्य है कि प्रतियोगिता का संचालन स्कूल समय के दौरान निष्पक्ष ढंग से स्कूल में ही कराया जाए। पहले दौर के लिए, पहले प्रतिभागी के शामिल होने के 7 दिन के अंदर स्कूल के अन्य छात्रों ( न्यूनतम 30) का भाग लेना अनिवार्य है। तत्पश्चात इस स्कूल के लिए यह विंडो बंद हो जाएगी।

**4.** योग्यता : कक्षा 8 - 10 के छात्र/ छात्राएँ

**5.** प्रश्न कृषि, संरक्षण, पेट्रोलियम, पर्यावरण, परिवहन, सामान्य ज्ञान जैसे विषयों से संबंधित होंगे।

**6.** स्कूल सभी विद्यार्थियों के नाम पोर्टल www.pcracompetitions.org पर स्कूल ID के साथ रजिस्टर करें और सभी छात्र पहले चरण में भाग ले सकते हैं। प्रत्येक छात्र को प्रश्नोत्तरी के 10 प्रश्न करने के लिए 10 मिनट की अवधि दी जाएगी।

**7.** सॉफ्टवेयर, दो सर्वश्रेष्ठ स्कोरिंग प्रतिभागियों का चयन करेगा, जो कि "स्कूल टीम" कहलाएँगे।

**8.** स्कूल टीम के दोनों विद्यार्थी, फिर दूसरे दौर या "जिला स्तर" के लिए भाग लेंगे । इस दौर में 10 मिनट की समय सीमा में 15 सवाल के जवाब देने होंगे। जिला स्तर पर भाग लेने के लिए अंतिम तिथि 4 अक्तूबर 2016 है।

**9.** जिला स्तर की सबसे अच्छी स्कूल टीम, तीसरे दौर में भाग लेगी, जिससे "राज्य स्तर" के विजेताओं का चयन होगा। इस दौर में 15 मिनट की अवधि में 30 प्रश्न होंगे।

**10.** राज्य स्तर के लिए विंडो 5 अक्तूबर 2016 को खुलेगी। राज्य स्तर पर भाग लेने की अंतिम तिथि 15 अक्तूबर 2016 है।

**11.** राज्य स्तरीय विजेताओं (स्कूल की टीम), लाइव प्रश्नोत्तरी राउंड में भाग लेंगी, जिससे "जोंनल फाइनलिस्ट" का चयन होगा। ये ज़ोनल फाइनलिस्ट अपने-अपने जोन में जोनल स्तर के लिए आमंत्रित किए जाएंगे, जिसकी तारीख और स्थान, स्कूलों को ईमेल द्वारा सूचित किया जाएगा।

**12.** इन जोनल फाइनलिस्टों को दिल्ली में राष्ट्रीय फाइनल स्तर में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

**13.** पीसीआरए विजेताओं का यात्रा खर्च वहन करेगा जिसकी विस्तृत सूचना ई-मेल द्वारा दी जाएगी।

**14.** स्कूलों के लिए "ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता" की अवधि: 16 अगस्त 2016 से 15 अक्तूबर 2016 है।

स्कूलों से अनुरोध है कि पीसीआरए के वृत्तचित्र, 'ईंधन का संरक्षण' को प्रतियोगिता के शुरू होने से पहले, सभी विद्यार्थियों को दिखायें। यह हमारी वेबसाइट www.pcra.org पर उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए पीसीआरए के पोर्टल www.pcracompetitions.org या वेबसाइट www.pcra.org/competitions.html, फोन न॰ 011-26715360 पर संपर्क करें: या ईमेल करें: contact@pcracompetitions.org पर।

महत्वपूर्ण दिशानिर्देश

- प्रतियोगिता से संबंधित सभी मामलों के संदर्भ में जूरी / विशेषज्ञ समिति का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा।
- पीसीआरए के अधिकारियों / कर्मचारियों के बच्चे पुरस्कार के पात्र नहीं माने जाएगे।
- सभी स्कूल अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए, प्रतियोगिताएं को जल्द से जल्द आयोजित करने का प्रयास करें।
- राष्ट्रीय निर्णायक दौर दिसम्बर 2016 में सम्पन्न होगा।परिणाम की घोषणा दिसम्बर 2016 में की जाएगी। जनवरी 2017 के दूसरे पखवाड़े में, तेल एवं गैस संरक्षण पखवाड़ा 2017, के उद्घाटन समारोह के दौरान, पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा।
- पिछले साल के विजेताओं के अद्वितीय अनुभवों को "प्रतियोगिता 2016" लिंक में पीसीआरए वेबसाइट व pcracompetitions.org पर उपलब्ध कराया गया है।
- पिछले वर्षों के राष्ट्रीय विजेता इस प्रतियोगिता के पुरस्कारों के पात्र नहीं होगें।

## **प्रतियोगिता डी : स्कूली बच्चों के लिए** वैयक्तिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए निर्देश

1. केवल भारत के केंद्र व राज्य स्कूल शैक्षिक बोर्ड के विद्यार्थी इसमे भाग ले सकते हैं।
2. यह प्रतियोगिता ''सी" प्रतियोगिता से पृथक है जिससे स्कूल टीम का चयन होगा। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थी अगर एक स्तर पर पहुंचता है तो उसे उस स्तर का प्रशस्ति पत्र मिलेगा।
3. यह प्रतियोगिता केवल वेब पोर्टल www.pcracompetitions.org और मोबाइल एप Pcra-competitions पर उपलब्ध एंड्रॉयड / विंडोज / आईओएस प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
4. छात्र ऑनलाइन रजिस्टर करने के लिए और स्कूल से छात्र पंजीकरण संख्या / प्रिंसिपल के प्रमाण पत्र, आई-कार्ड की स्कैन्ड प्रतिलिपि अपलोड (upload) कर सकते हैं। इसके बाद भाग लेने के लिए यूआईडी और पासवर्ड उनके ई-मेल आईडी पर भेजा जाएगा
5. योग्यता : विद्यार्थी जिनकी उम्र 13-17 है (छात्र-छात्राओं की जन्म तिथि 1.4.1999 से 31.3.2003 के बीच होना चाहिए)
6. प्रश्न, कृषि, संरक्षण, पेट्रोलियम, पर्यावरण, परिवहन, सामान्य ज्ञान जैसे विषयों से संबंधित होंगे।
7. प्रतियोगिता की अवधि: 16.08.2016 - 31.01.2017
8. प्रथम स्तर प्रश्नोत्तरी में 10 मिनट की समय सीमा में 10 सवाल के जवाब देने होंगे।

   यदि विद्यार्थी 6 या अधिक प्रश्नों के सही उत्तर देगा/देगी, तो उसे ऑनलाइन प्रवीणता प्रमाण पत्र (कांस्य स्तर) दिया जायेगा, जिसे अगले स्तर के भाग लेने के बाद पोर्टल से ही डाउनलोड किया जा सकता है। पहले स्तर को पार करने के 7 दिनों तक दूसरी स्तर की विंडो खुली रहेगी। पहला दौर 17 जनवरी 2017, 1500 बजे तक खुला रहेगा।
9. दूसरे दौर में 10 मिनट की समय सीमा में 15 सवाल के जवाब देने होंगे।

   यदि विद्यार्थी 10 या अधिक प्रश्नों के उत्तर सही देगा/देगी तो उसे ऑनलाइन प्रवीणता प्रमाण पत्र (रजत स्तर) दिया जायेगा, जिसे पोर्टल से ही डाउनलोड किया जा सकता है। अब वह अंतिम दौर के लिए योग्य होगा। दूसरे स्तर को पार करने के 7 दिनों तक तीसरे स्तर की विंडो खुली रहेगी। दूसरा दौर 24 जनवरी 2017, 15:00 बजे तक खुला रहेगा।
10. अंतिम दौर में 15 मिनट की समय सीमा में 30 सवाल के जवाब देने होंगे।

    अंतिम दौर में 25 या अधिक प्रश्नों के उत्तर सही पाए जाने पर पीसीआरए द्वारा छात्र को ऑनलाइन प्रवीणता प्रमाण पत्र (स्वर्ण स्तर) दिया जायेगा, जिसे पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। तीसरा दौर 31 जनवरी 2017, 1500 बजे तक खुला रहेगा।
11. विद्यार्थियों से अनुरोध है कि पीसीआरए के वृत्तचित्र, 'ईंधन का संरक्षण' को प्रतियोगिता शुरू करने से पहले देखें। यह हमारी वेबसाइट www.pcra.org पर उपलब्ध है।
12. प्रतियोगिता से संबंधित सभी मामलों के संदर्भ में जूरी / विशेषज्ञ समिति का निर्णय अंतिम और बाध्य होगा।
13. अधिक जानकारी के लिए पीसीआरए के पोर्टल www.pcracompetitions.org या वेबसाइट www.pcra.org/competitions.html, फोन न॰ 011-26715360 पर संपर्क करें: या ईमेल: contact@pcracompetitions.org पर करें। अन्य स्पष्टीकरण यदि कोई हो तो कृपया सुश्री पी. राजेश्वरी, शिक्षा अधिकारी rajeswary.cbse01@gmail.com लिखें

**हस्ताक्षरित/-**

**(के. के. चौधरी)**

**निदेशक (शैक्षणिक, प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं नवाचार)**